तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **कैलाश राठी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सूं.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353647020171028	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/05/25	अपीलार्थी कैलाश राठी निवासी पावटा 2 पोलो, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 12.05.2025 को सहायक सब इन्सपेंक्टर व उससे उच्च पदों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 479 दिनांक 16.05.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पुलिस उपायुक्त जोधपुर से संबंधित होने से आवेदन पत्र को दिनांक 13.05.2025 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6(3) के तहत लोक सूचना अधिकारी (पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, जोधपुर) को अंतरित किया गया, जिसकी प्रति अपीलार्थी को भी पृष्ठांकित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation: Colle[illegible] & District Magistrate
Date: 2025.05.[illegible]8:51:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15513138